कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com    www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–11, नवंबर 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## टारगेट का बादशाह–3 का भव्य आयोजन



सुनिधि चैहान लाइव इन कंसर्ट

भारत में सबसे तेज़ी से उभरता सजावटी पेंट ब्रैण्ड, कामधेनु पेंट्स देश भर में प्रतियोगी कीमतों पर अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय पेंट उत्पादों की विभिन्न दिलकश रंगों, टेक्सचर्स और खूबियों वाली विशाल श्रृंखला उपलब्ध करा रही है। पेंट उत्पाद श्रेणियों के साथ–साथ कंपनी की मार्केटिंग रणनीतियों में भी आधुनिक पीढ़ी की पसंद और सोच साफ झलकती है।

पेंट डीलर के लाभ और हितों को सर्वोपरि मानते हुये कामधेनु पेंट्स नियमित रूप से उनके लिये लाभप्रद स्कीम लेकर आती है। एक वर्ष के भीतर ही मेगा स्कीम ''टारगेट का बादशाह'' के दो अत्यंत ही सफल एडिशन के बाद कंपनी ने इस स्कीम के तीसरे एडिशन यानि टारगेट का बादशाह 3 का भव्य आयोजन किया। बालीवुड की स्टार गायिका सुनिधि चौहान के लाइव इन कंसर्ट से सजे, पिछले दोनों मेगाइवेंट से भी अधिक भव्य पैमाने पर आयोजित इस समारोह में देश के कोने–कोने से 750 से अधिक पेंट डीलर्स शामिल हुये। स्कीम में भाग लेने वाले सभी पेंट डीलर्स को 20 व 21 नवंबर को आयोजित इस मेगा इवेंट में शामिल होने के लिये मुंबई आमंत्रित किया गया। सभी आमंत्रित पेट डीलर्स के रहने का बेहतरीन इंतजाम मुंबई के 5–सितारा होटल ग्रैण्ड हयात एवं होटल ट्राइडेंट में किया गया। 20 नवंबर की शाम को होटल ग्रैण्ड हयात में टारगेट का बादशाह–3 एवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

समारोह की औपचारिक शुरूआत करते हुये कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने आमंत्रित पेंट डीलर्स का स्वागत करते हुये उन्हें इस स्कीम का लाभ उठाने के लिये बधाई दी। इसके बाद कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने सभी मेहमानों और कलाकारों को इस समारोह का हिस्सा बनने के लिये धन्यवाद दिया और भरोसा जताया कि ''सभी के सहयोग और मेहनत के बदौलत आने वाले दिनों में कामधेनु पेंट्स भारतीय सजावटी पेंट बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी लगातार बढ़ाता रखेगा।'' इस अवसर पर उपस्थित डीलर्स को संबोधित करते हुये कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''आज का समारोह समस्त कामधेनु परिवार की सामूहिक सफलता का जश्न है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में हम सफलता की नई इबारत लिखेंगे।''

शेष पेज 3 पर..









प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीन दिवसीय इंगलैंड दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक रहा है। इंगलैंड यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न कंपनियों के सीईओ के साथ बैठकें की और 14 अरब डालर से अधिक के व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश पार्लियामेंट को संबोधित भी किया। ब्रिटिश पार्लियामेंट को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने दुनिया भर पर मँडराते आतंकवाद के ख़तरे के लिये एकजुट होकर प्रभावी प्रयास करने की बात पर ज़ोर डाला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दौरे के दूसरे दिन वहाँ की महारानी से मुलाक़ात के लिए बकिंघम पैलेस पहुंचे। लंदन के वेंबले स्टेडियम में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरन की उपस्थिति में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत को दुनिया से सहयोग व बराबरी का दर्जा चाहिए। भारत की विविधता, युवा शक्ति और भारतीयों की दुनिया के लोगों से तालमेल बिठा कर चलने की क्षमता का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। भारत अब विकास के पथ पर चल पड़ा है।

# राजस्थान में KAMDHENU SS 10000 का जागरूगता कार्यक्रम




भूकंप से सुरक्षित निर्माण के लिये सर्वाधिक उपयुक्त KAMDHENU SS 10000 आम सरिया के मुक़ाबले दुगुनी से भी अधिक मज़बूती देता है जिससे इमारतों को दुगुनी सुरक्षा मिलती है। अक्टूबर महीने में स्थानीय डीलर बंधुओं एवं कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स गर्ग स्टील एवं मेसर्स गणपति स्टील्स कारपोरेशन के सक्रिय सहयोग से राजस्थान के राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को इस अनूठे उत्पाद के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से उदयपुर, दौसा एवं करोली ज़िले में 6 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में कई कामधेनु पदाधिकारियों ने कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुये निर्माणकर्मियों के बीच जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दिया, जिनमें शामिल थे कामधेनु इस्पात के सेल्स इंचार्ज श्री रोहित सेठी, सेल्स व मार्केटिंग मैनेजर श्री अमित कालरा, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर्स श्री मुकेश शर्मा व श्री कीर्ति फलोट, एरिया सेल्स ऑफिसर श्री पुश्पेन्द्र जोशी एवं मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव्स श्री विशाल सक्सेना।

उदयपुर ज़िले के मावली में 8 अक्टूबर 2015 को पहले जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय डीलर मेसर्स श्री महावीर बिल्डिंग मैटेरियल, मावली के सहयोग से किया गया। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग में शामिल श्री जयेश जायसवाल, बीओबी मैनेजर एवं श्री बाबूलाल टाटेड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

अगले दिन 9 अक्टूबर 2015 को उदयपुर ज़िले के डाबोक में दूसरे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय डीलर मेसर्स मनीश स्टील्स एण्ड सीमेंट एजेन्सीज़, डाबोक के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जाने–माने ठेकेदार श्री सोहन जी टांक तथा श्री अरविंद जग्रवता मुख्य अतिथि थे।

10 अक्टूबर 2015 को इसी प्रकार का अगला कार्यक्रम उदयपुर ज़िले के खेरवाना में आयोजित हुआ। स्थानीय कामधेनु डीलर मेसर्स हिन्दुस्तान स्टील्स, खेरवाना ने इसके आयोजन में सहयोग दिया। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे श्री पारस जैन और श्री किशन जोशी जो क्रमशः राज्य के सत्ताधारी दल तथा मुख्य विपक्षी दल से जुड़े जनप्रिय व्यक्ति हैं।

उदयपुर ज़िले का चौथा जागरूकता कार्यक्रम 12 अक्टूबर 2015 को उदयपुर शहर में  आयोजित किया गया। स्थानीय डीलर मेसर्स बी टी अग्रवाल एंड सन्स के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में उदयपुर के कामधेनु डीलर श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल और खेरवारा के कामधेनु डीलर श्री नरेन्द्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये।

इसी प्रकार का अगला जागरूकता कार्यक्रम दौसा ज़िले के महुवा मे आयोजित किया गया। 19 अक्टूबर 2015 को स्थानीय डीलर मेसर्स अमीर चंद शिखर चंद, महुवा सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुये मेसर्स गणपति स्टील्स कॉरपोरेशन के प्रोपराइटर श्री विभोर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये।

अक्टूबर महीने में राज्य में आयोजित आखिरी जागरूकता कार्यक्रम करोली ज़िले के हिंदौन सिटी में आयोजित किया गया। स्थानीय डीलर मेसर्स पंजाब ट्रेडर्स, हिंदौन सिटी के सहयेग से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कामधेनु डीलर श्री सतीश कुमार गेरा थे।



पेज 1 से आगे..





कंपनी ने इस मौके पर अपने डीलर्स के लिये बॉलीवुड की दो प्रसिद्ध अभिनेत्री बिपासा बसु और करिश्मा कपूर के साथ फ़ैमिली फोटो खिंचवाने का विशेष प्रबंध किया जो कि इस समारोह के आकर्षण का केन्द्र रहा। बारी–बारी से सभी क्वालिफाइड पेंट डीलर्स ने अपनी चहेती बालीवुड स्टार के साथ फोटो खिंचवा कर इस समारोह को सदा के लिये यादगार बनाना चाहते थे। समारोह के माहौल में चार चॉद लगाते हुये दिलों को थिरका देने वाले डांस परफार्मेंसेज का आयोजन भी हुआ। टेलीविज़न के बहुचर्तित कार्यक्रम ''डांस इंडिया डांस'' की विजेता रही शक्ति मोहन के बेहतरीन डांस परफार्मेंस से सभी उपस्थित लोगों का का मन मोह लिया। टीवी के लोकप्रिय सेलीब्रिटी डांस कार्यक्रम ''झलक दिखला जा'' फेम स्कारलेट विल्सन के डांस परफार्मेंस ने तो सबों को झूम उठने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद सिने गायिका सुनिधि चौहान ने अपनी फिल्मी सफ़र के चुनिंदा हिट गानों को लाइव गाकर सुरों का समाँ बांध दिया।

नृत्य और संगीत से सजे इस रंगारंग शाम में समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर, मलाइका अरोड़ा खान ने कंपनी के डायरेक्टर्स के साथ मिलकर बेहतरीन डिस्प्ले तथा सर्वाधिक बिक्री की श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये पेंट डीलर्स को एवार्ड प्रदान किया। एक मज़ेदार लक्की ड्रॉ भी निकाला गया, जिनके 10 विजेताओं को 10 ग्राम से लेकर 1 ग्राम तक के सोने के सिक्के प्रदान किये गये। अगले दिन 21 नवंबर को सभी पेंट डीलर्स ने भारत का डिज़्नीलैंड माने जाने वाले एडलैब्स इमैजिका में दिन भर मस्ती करने का मौका पाया। विश्वस्तरीय जॉय राइड्स, वाटर पार्क और 10 अलग–अलग लाइव इंटरटेंनमेंट शो के बीच सभी ने यहाँ यादगार अनुभव बटोरा।

**सबसे बेहतरीन डिस्प्ले के लिये एवार्ड पाने वाले डीलर्स में शामिल हैं:–**

**पहला** – मेसर्स सलूजा पेंट्स – रायपुर, **दूसरा** – मेसर्स सिंघल मारबल स्टोर्स – हलद्वानी, **तीसरा** – मेसर्स पाण्डे पेंट्स एण्ड एग्रीकल्चर स्टोर – हलद्वानी, **चौथा** – मेसर्स बंसल पेंट्स – अम्बाला, **पांचवॉं** – मेसर्स गुप्ता पेंट्स, – गाज़ियाबाद, **छठा** – मेसर्स प्रधान पेंट्स – गाज़ियाबाद, **सातवॉं** – मेसर्स गुप्ता पेंट्स – अम्बाला, **आठवॉं** – मेसर्स माँ लक्ष्मी स्टोर – पटना, **नौवॉं** – मेसर्स न्यू जगमग एण्ड सैनिटरी स्टोर – पटना, **दसवॉं** – मेसर्स रविन्द्र हार्डवेयर – रायपुर, **ग्यारहवॉं** – मेसर्स माँ दुर्गा पेंट्स – गाज़ियाबाद, **बारहवॉं** – मेसर्स रेनबो पेंट्स – गाज़ियाबाद

**अक्टूबर 2015 के दौरान ऑल इंडिया हाइयेस्ट वैल्यू सेल्स के लिये एवार्ड पाने वाले डीलर्स रहे :–**

**पहला** – मेसर्स नन्दा बिल्डर्स – जम्मू, **दूसरा** – मेसर्स अनिल छाबरा – हनुमानगढ़, **तीसरा** – मेसर्स अनिल ट्रेडर्स – झुंझुनु, मेसर्स एस. के. ट्रेडिंग कम्पनी – देहरादून, मेसर्स रोशन लाइम स्टोर – वाराणसी, **चौथा** – मेसर्स पंजाब पेन्ट्स – लखनऊ, मेसर्स सुमित सेल्स, जसपुर – हल्द्वानी, मेसर्स दुर्गा पेन्ट स्टोर, काशीपुर – हल्द्वानी, **पांचवॉं** – मेसर्स सुरेश चन्द एण्ड अनिल कुमार – हल्द्वानी, मेसर्स विपिन कुमार एण्ड उदित कुमार – हल्द्वानी, **छठा** – मेसर्स कलर ट्रेडर्स लिन्कर्स – पटना, मेसर्स सलूजा पेन्ट्स – रायपुर **सातवॉं** – मेसर्स यूनीक इन्टरप्राईजेज – लखनऊ, मेसर्स अरूणोदय एर्जेसीज – रायपुर























RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.11.2015



# कामधेनु दीपावली मिलन

रोशनी का त्योहार, दीपावली उत्तर भारत में एक पावन अवसर के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दीपावली वाले सप्ताह मे सब कोई उत्सव के उल्लास में डूबे रहते हैं। भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 भी दीवाली के मौक़े को अपने सहयोगियों की उपस्थिति में उत्साह से मनाती है।

इस वर्ष 6 नवंबर को नथा सिंह वाटिका, पंजाबी बाग क्लब में कामधेनु दीपावली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल के साथ सभी डायरेक्टर; श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल सपरिवार इस आयोजन में शामिल हुये। कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



कार्यक्रम के अंतर्गत कई स्टॉल्स लगाये गये थे, जिन पर खेल एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ उपलब्ध थी। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटरों और डीलरों ने दीपावली मिलन में सम्मिलित होकर इन गतिविधियों में भाग लिया और भरपूर आनंद उठाया।

इस मौक़े पर कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कामधेनु परिवार के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामना देते हुये कहा, "मुझे आप सभी को पूरे परिवार के साथ उपस्थित देखकर बहुत खुशी हो रही है। आधुनिक जीवन में परिवार के साथ मिल कर खुशियाँ मनाने के अवसर कम ही आ पाते हैं। दीपावली मेला हम सबों के लिये एक ऐसा ही ख़ास अवसर लेकर आता है।"

दीपावली मिलन के दौरान सभी लोगों ने एक–दूसरे को बधाइयाँ दी। इस मौक़े पर सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने सभी मेहमानों से पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही समझ कर पटाखे ना जलाने का अनुरोध करते हुये कहा, "पटाखों पर पैसा बरबाद करने की बजाय फुटपाथ पर भूखे रहने वालों के बारे में सोच कर उन्हें कपड़े और मिठाइयाँ दीजिये। इससे जो ख़ुशी की चमक उनके चेहरों पर आयेगी वही चमक हमारे लिये सच्चे अर्थों में दीपावली की रोशनी होनी चाहिये।"



# कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर्स ने किया पेरिस और रोम की सैर

भारत की नम्बर 1 टीएमटी सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज क्वालिटी उत्पादों और मज़बूत डीलर नेटवर्क के ज़रिये बिहार में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण इज़ाफा करते हुये राज्य के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है। कामधेनु की सफलता के लिये डिस्ट्रीब्यूटर्स के योगदान को पुरस्कृत करने के उद्येश्य से उनके लिये फ्रांस और इटली की सैर का आयोजन किया गया।

राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी, दादीजी स्टील्स लिमिटेड के साथ मिलकर आयोजित इस इनसेंटिव टूर की शुरूआत 18 सितंबर को बिहार से हुई और यूरोप के दो सबसे ख़ूबसूरत देशों में यादगार समय गुज़ारने के बाद 27 सितंबर को टूर पर गई टीम वापस आ गई। इस दौरान सभी ने पेरिस और रोम सहित इन दोनों देशों के कई प्रसिद्ध जगहों पर घूमने गये और वहाँ की ख़ासियत को देखा और जाना।

दादीजी स्टील्स लिमिटेड के निदेशक श्री रमेश चन्द्र गुप्ता, श्री बिनय सिंह तथा श्री विजय गुप्ता के साथ बिहार के 9 डिस्ट्रीब्यूटर्स सपरिवार इस टूर में शामिल हुये। टूर के दौरान यूरोप की धरती पर इस 38 सदस्यीय टीम से मिलने और उनके साथ आनंद के बहुमूल्य लम्हें गुज़ारने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल भी कुछ दिनों के लिये वहाँ गये। श्री सुनील अग्रवाल ने कंपनी के लिये बिहार के डिस्ट्रीब्यूटर्स के सहयोग की तारीफ़ की। और उन्हें सुरक्षित, आनंदप्रद और यादगार यात्रा के लिये शुभकामनायें दी।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com